RPSC seek applications for Junior Chemist Posts again

अजमेर.राजस्थान के भूजल विभाग में कनिष्ठ रसायनज्ञ के 5 पदों पर होने वाली भर्ती की प्रक्रिया साक्षात्कार के समय आकर अटक गई है। दरअसल पिछले दो साल से भर्ती प्रक्रिया पूरी कराने में लगे राजस्थान लोक सेवा आयोग को इन पदों के लिए पात्र अभ्यर्थी नहीं मिल सके। इसलिए साक्षात्कार प्रक्रिया ही स्थगित कर दी गई। अब आयोग नए सिरे से इन पदों के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन मांगेगा और फिर से भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी।

आयोग की ओर से कनिष्ठ रसायनज्ञ (भू-जल विभाग) के इन पदों के लिए 8 अगस्त 2016 को साक्षात्कार तय थे, लेकिन संवीक्षा परीक्षा के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों के विस्तृत आवेदन पत्रों की जांच की गई तो सामने आया कि इनमें से एक भी अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने फिलहाल इस परीक्षा के 8 अगस्त को होने वाले साक्षात्कार स्थगित कर दिए हैं। आयोग के समक्ष गंभीर सवाल था कि अब क्या होगा। आयोग के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक पात्रता पूरी नहीं होने के पीछे मुख्य वजह वांछित शैक्षिक योग्यता नहीं होना भी है।

27 नवंबर 2014 से चल रही है भर्ती प्रक्रिया

आयोग ने कनिष्ठ रसायनज्ञ के 5 पदों पर भर्ती के लिए 27 नवंबर 2014 से भर्ती प्रक्रिया शुरू की। 30 दिसंबर 2014 तक फार्म भरा लिए गए थे। आयोग ने 7 मई 2016 को ही इस भर्ती के लिए ऑनलाइन संवीक्षा परीक्षा का आयोजन किया था। इस परीक्षा का परिणाम आयोग द्वारा 11 जुलाई 2016 को घोषित किया था और 16 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया था। आयोग ने इन सभी अभ्यर्थियों से 19 जुलाई तक विस्तृत आवेदन पत्र मांगे थे। आयोग सूत्रों के मुताबिक सभी के विस्तृत आवेदन पत्र प्राप्त हो गए, लेकिन जब इनकी पात्रता जांची गई, तो सभी अपात्र पाए गए। ऐसे में आयोग ने अब इस भर्ती परीक्षा को ही निरस्त कर दिया है।

266 ने भरे थे आवेदन, परीक्षा में 128 बैठे थे

आयोग द्वारा 7 मई 2016 को भूजल विभाग में कनिष्ठ रसायन पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसके लिए 266 अभ्यर्थियों को कॉल किया गया था। इनमें से 128 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। 138 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कुल48.12 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की थी।

सभी अभ्यर्थियों की मेहनत बेकार गई

इस परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले एक भी अभ्यर्थी के साक्षात्कार तक भी नहीं पहुंचने से सभी अभ्यर्थियों की मेहनत ही बेकार चली गई है। अभ्यर्थियों को इस परीक्षा का अंतिम परिणाम का इंतजार था, लेकिन आयोग को साक्षात्कार में शामिल होने के लिए ही पात्र अभ्यर्थी नहीं मिल सके।

अजमेर राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव गिरिराज सिंह कुशवाहा ने बताया कि कनिष्ठ रसायनज्ञ के पदों के लिए 8 अगस्त को आयोजित किए जाने वाले साक्षात्कार पात्र अभ्यर्थियों के अभाव में स्थगित कर दिए गए हैं।

अजमेर राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर ललित के. पंवार ने बताया कि कनिष्ठ रसायनज्ञ भर्ती परीक्षा की वर्तमान प्रक्रिया निरस्त कर दी गई है। अब आयोग नए सिरे से नए अभ्यर्थियों से आवेदन मांगेगा। आवेदन मिलने पर पुन: संवीक्षा परीक्षा का आयोजन होगा और साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। 5 पदों पर ही भर्ती की जाएगी।